# न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
## जिला सवाई माधोपुर

**पीठासीन अधिकारी– श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0**

| मुकदमा नम्बर | तारीख रजू | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 03 / 2024 | 11.03.2024 | 18.2.2026 |

1. देवीसिंह पुत्र कानजी, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
2. भरतसिंह पुत्र कानजी, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
3. चरतसिंह पुत्र कानजी, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
4. बृजमोहन पुत्र श्रीफल, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
5. निखिल पुत्र भूरसिंह, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
6. उर्मिला पत्नी स्व0 भूरसिंह, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
7. दुर्गा पुत्री श्रीफल, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
8. रूकमणी पुत्री श्रीफल, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
9. रकमबाई पुत्री श्रीफल, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
10. शिवचरण पुत्री कन्हैया, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
11. बनी पुत्र कन्हैया, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
12. हुकम पुत्र कन्हैया, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
13. जानकी पत्नी राजहंस निवासी मोतीपुरा तह0 गंगापुर सिटी
14. लिछमा पुत्री कन्हैया पत्नी मानसिंह, गुर्जर, मोतीपुर तह0 गंगापुर सिटी
15. हरप्यारी पुत्री कन्हैया पत्नी रामखिलाडी, गुर्जर निवासी ककराला तह0 बामनवास
16. संतरा पुत्री कन्हैया पत्नी श्यामलाल, गुर्जर निवासी खेडली तह0 बामनवास
17. राजेन्द्र पुत्र रजन, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
18. वेदप्रकाश पुत्र रजन, गुर्जर, निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
19. उर्मिला पुत्री रजन पत्नी हरिसिंह, गुर्जर, नि. नांगतलाई तह0 बामनवास
20. मुनेश पुत्री रजन पत्नी हिम्मत गुर्जर निवासी सालोदा तह0 गंगापुर सिटी
21. लज्जाराम पुत्र धनसिंह, गुर्जर, थली तह0 गंगापुर सिटी
22. बाबू पुत्र रामसिंह, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
23. हरिशंकर पुत्र धनसिंह, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सटिी
24 श्रीराम पुत्र धनसिंह, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
25. रामबाबू पुत्र रामसिंह, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी

——अपीलार्थीगण

बनाम

1. कम्पूरी पुत्री बंशी, गुर्जर [illegible] सिटी
2. सम्पत्ति पुत्री बंशी, गुर्जर निवासी थली [illegible] गंगापुर सिटी
3. गुजरया दत्तक पुत्र बंशी, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
4. सरपंच ग्राम पंचायत बामनबडौदा
5. लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तहसील गंगापुर सिटी

——रेस्पोन्डेन्ट्स

अपील विरूद्ध आदेश संरपच ग्राम पंचायत बामनबडौदा
नामान्तरकरण संख्या 351 दि0 20.02.2024 ग्राम थडी

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.02.27 15:31:49 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

उपस्थित :– श्री सतीश कुमार शर्मा, एडवोकेट, अपीलार्थी की ओर से
श्री रविशंकर शर्मा, एड., रेस्पो0 संख्या 2 की ओर से
श्री पी.पी.जोशी, एड. रेस्पो0 संख्या 3 की ओर से

## निर्णय

अपीलार्थीगण ने अपील इस आशय की प्रस्तुत की है कि ग्राम थली भूमि ख0न0 437, 438, 450, 451, 452 की खातेदारी बंशी पुत्र लालचंद के नाम दर्ज रही है। जिसकी मृत्यु के उपरांत उक्त मृतक के उत्तराधिकारी के रूप मे भूमि का नामान्तकरण दिनांक 11.3.1986 को अपीलार्थीगण के बुजुर्गान कन्हैया, कानजी, श्रीफल, धनसिंह, रामसिंह, मोहरसिंह पिसरान राधाकिशन के नाम दर्ज कर दी गई तभी से अपीलार्थीगण उक्त भूमि पर काबिज रकर काश्त करते चले आ रहे है परन्तु अचानक दिनांक 21.2.2024 को रेस्पो0 संख्या 1 ता 3 मौके पर आ गये तथा भूमि का स्वयं की खातेदारी मे होना बताकर कब्जा करने की धमकी दी तब अपीलार्थीगण ने रस्पो0 से कहा कि हम इस भूमि पर पिछले 40 साल से बतौर खातेदार काबिज है तथा हमारे नाम सरकारी रिकॉर्ड मे दर्ज है। इसके बाद पटवारी से मिलने पर पटवारी ने बताया कि रेस्पो0 ने धोखे से नामा0 खुलवा लिया है इसलिए भूमि उनके नाम दर्ज हो गई है। दिनांक 21.2.2024 को रेस्पो0 द्वारा भूमि को अपनी खातेदारी की बताने तथा अपीलार्थीगण को मौके से कब्जा छोडने की धमकी देने पर सर्वप्रथम उक्त इन्द्राज व नामा0 संख्या 351 दिनांक 20.2.24 की जानकारी हुई। अतः अपील अपीलार्थीगण पेश कर निवेदन है कि निर्णय अधीनस्थ न्यायालय सरपंच ग्राम पंचायत बामन बडोदा बाबत नामा0 संख्या 351 दिनांक 20.2.2024 जो ग्राम थली तह0 गंगापुर सिटी की भूमि बाबत दिया गया है को निरस्त फरमाया जावें।

अपील के साथ अपीलार्थीगण ने नकल नामान्तरकरण संख्या 351 दिनांक 20.02.2024, नकल जमाबंदी संवत 2070–73 खाता संख्या 45 ग्राम थली, नकल जमाबंदी सवंत 2039–58 खाता संख्या 33 ग्राम थली, नकल नामान्तकरण संख्या 12 दिनांक 11.3.1986 ग्राम थली प्रस्तुत किये है।

अपील दर्ज की जाकर रेस्पोडेन्ट्स को तलब किया गया।

बहस विद्वान अभिभाषक उभययपक्ष सुनी गई।

अपीलार्थीगण के विद्वान अभिभाषक ने अपनी बहस मे कहा कि नामान्तकरण मे वादग्रस्त भूमि की खातेदारी बंशी पुत्र लालचंद के नाम दर्ज रही है। इसकी मृत्यु के पश्चात मृतक के उत्तराधिकारी के रूप मे भूमि का नामान्तकरण संख्या 12 दिनांक 11.3.1986 को अपीलार्थीगण के बुजुर्ग कन्हैया, कांजी, श्रीफल, धनसिंह, रामसिंह, मोहरसिंह पिसरान राधाकिशन के नाम खोल दिया गया। जिसका अंकन जमाबंदी संवत 2039–58 मे दर्ज है तभी से अपीलार्थीगण के बुजुर्ग एवं उनके बाद अपीलार्थीगण वादग्रस्त भूमि पर काबिज काश्त चले आ रहे है। रेस्पो0 संख्या 1, 2, 3 ने अपीलाधीन नामा0 संख्या 351 दिनांक 20.2.24 को तथाकथित गोदनामा के आधार पर अपने पक्ष मे खुलवा लिया एवं इस गलत नामा0 के आधार पर वे अपीलार्थीगण को परेशान कर रहे

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.02.27 15:31:49 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

है। अतः अपीलार्थीगण की अपील स्वीकार की जाकर अपीलाधीन नामान्तकरण संख्या 351 दिनांक 20.2.24 निरस्त फरमाया जावें।

रेस्पोन्डेन्ट संख्या 1 ता 3 के विद्वान अभिभाषक द्वारा लिखित बहस भी प्रस्तुत की गई है। जिसमे मुख्य रूप से अंकित किया गया है कि रेस्पो0 संख्या 1 व 2 स्व0 बंशी की पुत्रियॉ है एवं पैदायशी उत्तराधिकारी है तथा रेस्पो0 संख्या 3 के पक्ष मे बंशी द्वारा रजिस्टर्ड गोदपत्र दिनांक 4.8.84 को तस्दीक कराया गया है। इस आधार पर बंशी की विरासत का नामान्तकरण रेस्पो0 संख्या 1, 2, 3 के नाम जॉच के उपरांत खोला गया है। पूर्व मे अपीलार्थीगण के नाम खोले गये अवैध नामा. के स्थान पर रेस्पो0 के नाम वैध तरीके से नामान्तकरण खोला गया है। इसलिए अपीलार्थीगण खारिज फरमायी जावें।

बहस पर मनन किया। प्रस्तुत अभिलेख का अवलोकन किया। पत्रावली पर उपलब्ध नकल जमाबंदी संवत 2039–58 ग्राम थली मे अंकित नोट के अनुसार नामा0 संख्या 12 दिनांक 11.3.86 के अनुसार विरासत से बंशी पुत्र लालचंद गुर्जर की भूमि कन्हैया कांजी, श्रीफूल, धनसिंह, रामसिंह, मोहरसिंह पिता राधाकिशन के नाम अंकित की है। यह तथ्य पत्रावली पर उपलब्ध नकल नामान्तकरण संख्या 12 दिनांक 11.3.86 से भी स्पष्ट है कि बंशी पुत्र लालचंद गुर्जर के नाम की विरासत अपीलार्थीगण के पूर्वज कन्हैया, कांजी, श्रीफल, धनसिंह, रामसिंह, मोहरसिंह पिता राधाकिशन के नाम दर्ज हुई है। इसके पश्चात अपीलाधीन नामान्तकरण संख्या 351 दिनांक 20.2.2024 द्वारा बंशी पुत्र लालचंद गुर्जर की भूमि गोदनामा के आधार पर रेस्पो0 संख्या 1, 2, 3 के नाम दर्ज की गई है। इन दोनो नामान्तकरणों के अवलोकन से यह विदित होता है कि एक ही वादग्रस्त भूमि के दो बार अलग अलग व्यक्तियों के नाम नामा. दर्ज हो गये है जो विधिअनुसार नही है। ऐसी स्थिति मे प्रकरण मे अपीलार्थीगण की अपील स्वीकार किया जाना उचित है।

## आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार अपीलार्थीगण द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाती है एवं नामान्तरकरण संख्या 351 दिनांक 20.02.2024 ग्राम थली निरस्त किया जाता है एवं प्रकरण तहसीलदार गंगापुर सिटी को इस निर्देश के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे अपीलार्थीगण एवं रेस्पो0 को सुनकर प्रकरण मे पुनः नियमानुसार निर्णय पारित करें। पक्षकारान सुनवाई हेतु तहसीलदार गंगापुर सिटी के न्यायालय में उपस्थित होवे। निर्णय की सत्य प्रतिलिपि तहसीलदार गंगापुर सिटी को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 18.2.2026 को न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.02.27 15:31:49 IST
Reason: SelfAttested

( बृजेन्द्र मीना )
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)